दैनिक भास्कर

भिवानी 20-05-2023

सूचना

सूचित किया जाता है कि ग्राम पचांयत ढाणी छतरिया जिला फतेहाबाद में रिक्त हुए सफाई कर्मचारी के पद हेतु दिनांक 26.05.2023 तक सफाई कर्मचारी पद हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। ग्राम पचांयत ढाणी छतरिया के इच्छुक आवेदक दिनांक 26.05.2023 को सायं 5.00 बजे तक अपने आवेदन खण्ड कार्यालय फतेहाबाद या सरपंच ग्राम पंचायत के पास जमा करवा सकते हैं।

सरपंच, ग्राम पंचायत ढाणी छतरिया

ग्राम पंचायत बुलंदपुर
खण्ड गन्नौर, सोनीपत (हरियाणा)

ग्रामीण सफाई कर्मचारी के लिए आवेदन पत्र

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बुलंदपुर में एक ग्रामीण सफाई कर्मचारी की नियुक्ति की जानी है। जिसके लिए नामांकन छंटनी व चयन प्रक्रिया निम्न अनुसार किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त वित्तायुक्त एवं प्रधान सचिव हरियाणा सरकार, विकास एवं पंचायत विभाग, चण्डीगढ़ के पत्र क्रमांक 1214-18 दिनांक 08.09.2007 की हिदायतानुसार खण्ड स्तरीय कमेटी द्वारा चयन किया जाएगा जिसकी नियम / शर्तें निम्न प्रकार से है:-

आवेदन की तिथि	**22.05.2023 से 28.05.2023 तक**
छंटनी का समय	**29.05.2023 से 30.05.2023 तक**
चयन का समय	**01.06.2023**

1. सफाई कर्मचारी उसी गांव का हो।
2. पुरुष या स्त्री शारीरिक रूप से कार्य समर्थ एवं स्वस्थ होना चाहिए व 18 से 55 वर्ष के बीच आयु हो।
3. ग्राम पंचायत द्वारा सफाई सेवा प्रदान करने हेतु एक करारनामा हस्ताक्षरित किया जाएगा, जिसका प्रारूप अनुलग्नक व पर संलग्न किया जाता है।

इसके अतिरिक्त आपको यह भी सूचित किया जाता है कि जो भी इच्छुक व्यक्ति आवेदन करना चाहता है वो उपरोक्त तिथि अनुसार किसी भी कार्यदिवस को अपना आवेदन सादे कागज पर ग्राम पंचायत व खण्ड कार्यालय में जमा करवा सकता है।

सरपंच

ग्राम पंचायत बुलंदपुर, खण्ड गन्नौर, सोनीपत हरियाणा

सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि खण्ड हिसार प्रथम की ग्राम पंचायत कैमरी में सफाईकर्मी की मृत्यु होने उपरान्त सफाईकर्मी का एक पद रिक्त हो गया है। इस पद को सरकार की हिदायतानुसार भरा जाना है। जिनकी शर्तें निम्न प्रकार से है।

क्रम सं.	खण्ड का नाम	ग्राम पंचायत का नाम	दस्तावेज	अन्तिम तिथि
1.	हिसार–1	कैमरी	साधारण कागज पर प्रार्थना पत्र, अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र, आयु प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, शारीरिक रूप से कार्य करने में समर्थ, आयु 18 वर्ष से 55 वर्ष, आवेदनकर्ता उसी गांव का निवासी हो, 02 पासपोर्ट साईज फोटो।	दिर्नांक 02.06.2023 तक प्रार्थी अपना आवेदन पत्र पूर्ण दस्तावेजों सहित खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी हिसार–1, के कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर जमा करवा सकता है। दिर्नांक 02.06.2023 के पश्चात कोई भी आवेदन पत्र नहीं लिया जाएगा।

नोट :- साक्षात्कार दिनांक 06.06.2023 को प्रातः 11:00 बजे कार्यालय खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी हिसार प्रथम में लिया जाएगा। इसके अलावा साक्षात्कार हेतु अन्य कोई सूचना नहीं दी जाएगी।

खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी
हिसार–1